तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



16 प्रदेश सरकार के सुशासन के एक साल पर आधारित...





16 विधायक सावित्री ने झरीपारा देवगुड़ी...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

Shri Gopala HOSPITAL

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### पदोन्नत शिक्षकों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई



**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय संकुल तरहुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा माध्यमिक शाला पेंडावारी में सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हुए अनिल चंद्रवंशी, रविशंकर यादव, शिवशंकर टाडिया, महंत दररों एवं संतोषी यादव, शंकर चुरेंद्र का सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। समस्त अतिथियों के द्वारा शैक्षणिक कार्य का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर में संकुल प्राचार्य लता डड़सेना, संकुल समन्वयक हेमंत दामले, संजीव मांडवी, चंदेल कुमार साहू, महेंद्र खुडसूंगे, बीआरसी कार्यालय से अनुभव साहू, उपेंद्र कस्तूरे, देवप्रसाद मंडावी, अशोक पुरबिया, रामस्वरूप कोठारी, पोखन ठाकुर, एवं कार्यक्रम का संचालन नमिता दुग्गा एवं निर्भय कोवाची द्वारा किया गया।

### शिक्षाश्री पुरस्कार से व्याख्याता सम्मानित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत शाउमावि मेड़ो में पदस्थ व्याख्याता अंग्रेजी तृप्ति गजभिए को शैक्षिक क्षेत्र में उनके अविश्वसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 दिसबंर को कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर में शिक्षा श्रीपुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संस्था में सांस्कृतिक गतिविधि, रचनात्मक कार्य, कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास, वर्तमान में उपचारात्मक क्लास, समाधान क्लास, मोहल्ला मोहल्ला क्लास, गर्मियों के छुट्टी में बच्चों को आत्म निर्भर बनाने के लिए समर क्लास आयोजित किया गया। इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।


# नगर पंचायत के लिए 75 हजार और पालिका परिषद के लिए खर्च की लिमिट दो लाख तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की लिमिट तय कर दी गई है। खास बात यह है कि नगर पंचायत के चुनाव के लिए प्रत्याशी को मात्र 75 हजार रुपयों में चुनाव लड़ना होगा, लेकिन नगर पालिका परिषद के चुनाव के लिए सीमा 2 लाख रुपए रखी गई है। बताया गया है कि राज्य सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श के बाद यह लिमिट तय की है।

राज्य में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए हालांकि तारीख अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर पर तेजी से तैयारी की जा रही है। इस सिलसिले में सबसे पहले तो आरक्षण की प्रक्रिया 20 दिसंबर तक तय कर दिया जाएगा। नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। निकायों के वार्डों में महिलाओं के किस प्रकार आरक्षण दिया जाना है और वार्डों का आरक्षण कैसे होगा, इस सबंध में मार्गदर्शक सिद्धांत जारी कर दिए गए हैं। इसी बीच यह जानकारी भी सामने आई है कि नगरीय निकायों के चुनाव जनवरी में संभावित है। बताया जा रहा है 21 दिसंबर के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि निकायों की निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह प्रशासक के रूप में अधिकारियों की नियुक्तियां की जा सकती है।

**आरक्षण प्रक्रिया 20 तक पूरी की जाएगी**




### लिमिट तय की गई परंतु नहीं होता पालन

*चुनाव आयोग चुनाव के लिए राशि खर्च करने की लिमिट तय कर दिया जाता है, परंतु राशि इससे ज्यादा खर्च हो जाता है। तय लिमिट से ज्यादा खर्च करने पर लगाम जिस ढंग से कसना चाहिए, उस तरह से नहीं कसा जाता है। इस बार चुनाव आयोग लिमिट पर कितना लगाम कसेगी, यह तो आने वाला समय की बताएगा।*

**फैसला : प्रधान सत्र न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए सुनाई सजा**

# टूरी नदी की रेत में मिले कंकाल मामले में प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ आरोपी ने प्रेमिका के चरित्र पर शंक करते हुए हत्या की

आज से चार साल पहले टूरी नदी में एक कंकाल मिला था, जिसे देखकर पुलिस और पीएम रिपोर्ट पर यह तय हो गया था कि यह कंकाल किसी युवती का है। तत्कालीन कांकेर थाना प्रभारी एमडी देशमुख ने मामले की ऐसी विवेचना और दस्तावेज एकत्र किया, उसका परिणाम यह रहा कि आरोपी युवती के प्रेमी को दस्तावेज व साक्ष्य के आधार पर प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने तीन दिन पहले आजीवन कारावास की सजा सुनाया।

जानकारी के अनुसार युवती के पिता भागरती यादव ने बेटी के गायब होने की जानकारी दिया, पुलिस ने 5 जून 2020 को गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज किया। पिता व युवती के भाई ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी 2020 से लगातार पतासाजी कर रहे थे और जो जानकारी मिली, पुलिस के साथ साझा किया। तत्कालीन कांकेर थाना प्रभारी एमडी देशमुख ने संदेही अभियुक्त अंजनी निवासी ट्रक चालक देवचंद धनकर पर नजर रखना शुरू किया। पुलिस को पता चला कि उसके साथी खलासी थनवार यादव उसके साथ रहता है। पुलिस ने खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया। उसने पुलिस को बताया कि दो माह पूर्व भारती यादव को ग्राम पुरियारा जाने के लिए बरदेभाठा चौक कांकेर में ट्रक से उतारना बताया। पुलिस ने खलासी के द्वारा दी गई जानकारी पर संदिग्ध आरोपी देवचंद धनकर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और अंत में उसने स्वीकार किया कि युवती भारती यादव की हत्या करके उसकी लाश को पुरियारा में टूरी नदी पुल के नीचे रेत में गड्ढा खोदकर दफना देना स्वीकार किया। तत्कालीन थाना प्रभारी ने संदिग्ध आरोपी को पुल के पास ले जाकर जगह की पहचान किया और शव को निकालने के लिए दंडाधिकारी के समझ आवेदन किया और नायब तहसीलदार की उपस्थिति में रेत को खुदवा गया, जहाँ पर युवती के कंकाल मिले थे। तत्कालीन थाना प्रभारी ने दस्तावेज व सबूत को एकत्र कर मामले को न्यायालय में पेश किया और उसी का परिणाम रहा कि आरोपी को आजीवन कारावास की सजा हो सकी।




आरोप : प्रेमी की निशानदेही पर शव के कुछ अवशेष रेत में मिले

प्रेमिका की हत्या कर लाश रेत में छुपाया, आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

खास बातें

शव को नदी से निकालने के लिए खुदाई करते हुए

रात में भी की गई खोजबीन

प्रेमी अंजनी गांव निवासी

दिनभर हुई बारिश

मांस खाने की बात को लेकर कर दी डंडे से पिटाई

तीन साल पूर्व टूटा पुल अब तक नहीं बना, ग्रामीण परेशान

गर्मी में नहीं बच पाता पानी

संकष्टी चतुर्थी कल, माह में एक बार

### चरित्र पर शंका के कारण की हत्या

अभियुक्त देवचंद धनकर ने पुलिस को बताया कि भारती यादव को अपनी जीवन संगिनी बनाकर जीवन व्यतीत करने लगा, उसके पश्चात बिना किसी आधार के उसके चरित्र पर शंका करने लगा और चरित्र शंका इतनी गहराई कि उसकी हत्या करके शव न मिले, इसके तहत शव को पुरियारा नदी के पुल के नीचे रेत के गड्ढे में दफना दिया था।

### उम्रकैद और जुर्माना भी

प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने मामले की सुनवाई करते हुए सबूत व साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त देवचंद धनकर को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 500 रूपएं की अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं पटाने पर 6 माह का सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी वहीं धारा 201 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास और 200 रूपएं का अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं पटाए जाने पर एक माह का सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त को दी गई दोनो सजा साथ-साथ भुगतनी होगी।

# छुरी के हमले से घायल भाई की इलाज के दौरान मौत, भाई के खिलाफ जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम बोटेचांग में युवक के पेट में चाकू से हमला करने पर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। रायपुर के डॉ. बीआर अंबेडकर अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर थाना दुर्गुकोंदल में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना में पाया गया कि 10 जुलाई की रात करीबन 8 बजें मृतक बोटेचांग निवासी 28 वर्षीय राजकुमार नरेटी पिता दयाराम नरेटी खाट पर लेटा हुआ था। उसके पेट के पास कपड़ा रखा था व पेट से खून निकल रहा था। ईलाज के लिए 108 वाहन को फोन करने पर वाहन खराब होना बताया गया।

ग्राम घोटिया के निजी वाहन से राजकुमार को ईलाज के लिए भानुप्रतापपुर अस्पताल ले जाकर भर्ती किए। भर्ती के दौरान राजकुमार ने बताया कि 10 जुलाई की रात 8 बजें घर के किचन में गया था। किचन में भाई कुमेस छुरी से करील छील रहा था, जो मुझे देखकर बोला कि मोटर सायकल को दूसरे के पास बेंच दिए हो। घर में मोटर सायकल का काम पड़ता रहता है। काम काज नहीं करते हो, शराब पीकर हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करते हो कहकर कुमेस नुरूटी ने अपने पास रखे छुरी से हत्या करने की नीयत से मेरे पेट में छुरी घोफ दिया था।

घायल की स्थिति नाजूक होता देख उसे उचित ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर रिफर किया गया। जिला अस्पताल कांकेर से रायपुर रिफर करने पर डॉ. भीम राव अम्बेडकर चिकित्सालय रायपुर में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान 13 जुलाई को राजकुमार का मौत हो गया। आरोपी कुमेस नुरूटी ने राजकुमार की हत्या करने की नीयत से ही अपने पास रखे छुरी से ही उसके पेट में छुरी घोफ दिया, जिससे ईलाज दौरान राजकुमार का मौत हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# दिल्ली गणतंत्र परेड के लिए महर्षि कॉलेज की कनिष्का का चयन



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नाकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका कनिष्का राजपूत का चयन भारत की राजधानी दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में परेड के लिए हुआ है। परेड के लिए चयन होने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अधिकारी-कर्मचारी ने खुशी जताया। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि भानुप्रतापपुर महाविद्यालय के इतिहास में दूसरी बार किसी स्टूडेंट का चयन आरडी परेड के लिए होना महाविद्यालय, क्षेत्र एवं अंचल के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इसके पहले एनएसएस स्वयंसेविका रही लीलिमा सिन्हा का चयन हुआ था। कनिष्का इससे पूर्व सत्र 2022-23 में राष्ट्रीय एकता शिविर और राष्ट्रीय साहसिक शिविर में महाविद्यालय की ओर से सहभागिता कर चुकी है। स्कूली जीवन से राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सेवा प्रदान करते हुए ए एवं बी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर चुकी है। विज्ञान संकाय से स्नातक के पश्चात राजनीति क्षेत्र में रूझान होने के कारण वर्तमान में महाविद्यालय से एमए राजनीति प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है की ▶▶| शेष पेज 14 पर

# पति की हत्या, पत्नी को उम्रकैद और अर्थदंड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय भानुप्रतापपुर में एक मामले में पति की हत्या करने वाले पत्नी ताड़ोकी थाना के ग्राम कुरसेल निवासी 32 वर्षीय जानकी मण्डावी को सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता ने धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास व पाँच सौ रूपए अर्थदंड व्यतिक्रम 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन की तरफ से पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक टीएस यादव ने बताया कि यह घटना थाना ताड़ोकी अंतर्गत ग्राम कुरसेल की है। 27 जून 2022 को प्रार्थी रमेश मंडावी ने ताड़ोकी पुलिस को बताया कि 26 जून 2022 को रात्रि में खाना खाकर सोया था कि करीबन 11 बजकर 5 मिनट पर इनकी बहू आरोपिया जानकी मण्डावी आई और बताई कि मेरे से कुछ गल्ती हो गई है। उसने बताया कि रात में मेरा पति राजकुमार मंडावी के साथ लड़ाई-झगड़ा हुआ, उसी दौरान मैं गुस्सा में आकर घर में ▶▶| शेष पेज 14 पर




**फ्राड से बचने के बताए तरीके, लेन-देन में सावधानी बरतने की दी समझाइश**

# सायबर फ्राड से बचने के लिए एसबीआई का अभियान शुरू और रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कांकेर के पास एसबीआई सायबर सीक्यूरिटी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगो को सायबर फ्राड से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करना, जिससे आम लोग किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी का शिकार न हो। बैंक लेनदेन के समय सावधानी बरतने के लिए भी समझाईश दिया गया और अंदरूनी गाँव में लोगों को जागरूक करने रथ को भी रवाना किया गया।

आजकल निरंतर बढ़ रही सायबर अपराध की घटनाओं और आम जनता को जागरूक करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के पास 14 दिसंबर को सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। सायबर अपराधो से बचने की जानकारी देने के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान सायबर अधिकारी प्रेमप्रकाश अवधिया ने बताया कि शार्टकट पैसा कमाने के लालच में अधिकतर लोग सायबर फ्राड का शिकार हो रहें है। आम लोग लालच के चक्कर में न पड़े, अगर कभी भी आपको लगे की आपके पास फ्राड करने की नियत से कॉल, मैसेज या कोई लिंक भेजा जाता है, तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस व सायबर सेल को दे। सायबर फ्राड से बचने का उपाय बताते हुए सायबर अधिकारी ने कहा कि अपने पास एक ऐसा मोबाइल नंबर रखे जो कोई अन्य व्यक्ति नही जानता हो और वह नंबर आपके सभी बैंक खातो से लिंक हो, जो नंबर आपके बैंक खाता से लिंक है उसको किसी के पास शेयर न करें। जब भी आपको बैंक से ओटीपी का जरूरत हो, तब ही उस नंबर का उपयोग करके आप धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकते है। अपने पास एक अन्य मोबाईल नंबर रखे, जिससे आप अन्य लोगो से कॉल में बात कर सके या रोजमर्रा के कार्य में उपयोग कर सके। सायबर अधिकारी ने कहा कि फ्राड करने वाले केवाईसी अनुपालन न होने का हवाला देते हुए आपकी मोबाईल सेवाओं को निलंबित करने की धमकी देते है, जबकि ट्राई सेवाओं को निलंबित नही करता, केवल टेलीकॉम कंपनियों ही ऐसा कर सकती है। फ्राड करने वाले स्वंय को पुलिस अधिकारी बताते है और मनगगढ़त आपराधिक गतिविधि के लिए आपसे ऑनलाइन पूछताछ करने की धमकी देते है, जबकि पुलिस डिजिटल गिरफ्तारी या ऑनलाइन पूछताछ नही करती है। फ्राड करने वाले यह भी दावा करते है कि आपके किसी एक रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है और कार्यवाही से बचने के लिए पैसे की मांग करते है। स्कैमर्स फोन कॉल के माध्यम से केवाईसी अपडेट मांगते है, जबकि बैंक अपडेट के लिए न तो कॉल करते है और न ही लिंक भेजते है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक अर्नब सिंहा, मुख्य प्रबंधक प्रवीण कंडलना, मुख्य प्रबंधक ऋषि कटियार, थाना प्रभारी मनीष नागर, एसआई लक्ष्मी नारायण नामदेव, यातायात प्रभारी दीपक साव व अन्य लोग उपस्थित रहें।




### धनेलीकन्हार में होगा रक्तदान शिविर 19 को

**धनेलीकन्हार।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र धनेलीकन्हार में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को स्वास्थ केन्द्र परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधीकारी डा. महेश कुमार शांडिया के मार्गदर्शन में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शशांक गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदान कर जरुरतमंद की जीवन बचाने की अपील करते हुए शासकीय सेवक, जनप्रतिनिधि, युवा, समाजिक, धार्मिक संगठन के सदस्यों से शिविर का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की गई है।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आई साइकिल सवार छात्रा गंभीर, रायपुर रेफर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 झुलनाडिही के पास शनिवार की सुबह करीब 7:30 बजे घर से स्कूल जाने निकली साइकिल सवार 16 वर्षीय कक्षा दसवीं की छात्रा ग्राम पाटला निवासी दिव्यांशा नेताम पिता बुधुराम नेताम रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में लाया गया। छात्रा के सर चेहरे में गंभीर चोट आने पर उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घायल छात्रा साइकिल में सवार होकर सुबह घर से फरसगांव स्कूल आने निकली थी। वही ट्रक ड्राइवर मौके से फरार होकर अपने आप को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### पदोन्नत शिक्षकों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई



**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय संकुल तरहुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा माध्यमिक शाला पेंडावारी में सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हुए अनिल चंद्रवंशी, रविशंकर यादव, शिवशंकर टाडिया, महंत दररों एवं संतोषी यादव, शंकर चुरेंद्र का सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। समस्त अतिथियों के द्वारा शैक्षणिक कार्य का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर में संकुल प्राचार्य लता डड़सेना, संकुल समन्वयक हेमंत दामले, संजीव मांडवी, चंदेल कुमार साहू, महेंद्र खुडसूंगे, बीआरसी कार्यालय से अनुभव साहू, उपेंद्र कस्तूरे, देवप्रसाद मंडावी, अशोक पुरबिया, रामस्वरूप कोठारी, पोखन ठाकुर, एवं कार्यक्रम का संचालन नमिता दुग्गा एवं निर्भय कोवाची द्वारा किया गया।


# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नड्डा को भेंट की राम मंदिर की ढोकरा शिल्पकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर के शिल्पकार राजेन्द्र बघेल द्वारा बनाई गई अयोध्या के राम मंदिर की ढोकरा शिल्पकला को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा को भेंट किया। जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित झिटकू मिटकू समिति के शिल्पकार द्वारा बनाई गई राम मंदिर की इस कलाकृति का वजन लगभग 120 किलो है।

## कोंडागांव के शिल्पकार द्वारा बनाई गई कलाकृतियां

कलाकृति का वजन 120 किलो, लंबाई 4 फीट और ऊंचाई 30 इंच



### जिला प्रशासन दे रहा सहयोग

जिला प्रशासन द्वारा जिले के शिल्पकारों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं दी जा रही है। उक्त कला के लिए झिटकु मिटकी आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी चिखलपुटी कोण्डागांव के 141 आर्टिजन के साथ मिलकर कार्य कर रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

लम्बाई 4 फीट, ऊंचाई 30 इंच है। राम दरबार एवं राम की मूरत के साथ ही माता सीता और लक्ष्मण की कलाकृति भी बनाई गई है। यह कलाकृति झिटकू मिटकू समिति बनाई गई है। जिसमें 40 सदस्य जुड़े हुए हैं। राजेन्द्र बघेल का ढोकरा शिल्पकला परम्परागत पेशा है। परम्परागत पेशा होने के कारण वे जन्म से ही इससे जुड़े हुए हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर भगवान राम के जीवन से संबंधित शिल्पकला कलाकारों को बनाने के लिए निर्देश दिए गए थे। उक्त कलाकृति को बनाने में शिल्पकारों को तीन से चार माह लगे।

## लापरवाही : जिला अस्पताल के वाहन शाखा प्रभारी सहित अफसर नहीं दे रहे ध्यान

# करोड़ों की आठ एंबुलेंस कार्यालय परिसर में खड़े- खड़े हो रहीं कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सन 2017 से 2020 के बीच खरीदे गए थे वाहन

जिले के मरीजों को आपातकालीन सेवाएं देने के लिए 2017 से 2020 के बीच खरीदी गईं करोड़ों रुपये की 8 चमचमाती एम्बुलेंस आज भी स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के परिसर में धूल खाकर जर्जर हो रही हैं। इसका एकमात्र कारण वाहन शाखा प्रभारी कोंडागांव की गैरजिम्मेदाराना रवैया और समय पर इन वाहनों का पंजीकरण न कराना ही है। स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही ने एक बार फिर सरकार की मंशा और योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इन वाहनों पर लिखा तो है डॉक्टर आपके द्वार, लेकिन दुर्भाग्य से ये कभी मरीजों की सेवा में उपयोग ही नहीं हो सकीं। इनका पंजीकरण समय पर न होने के कारण न तो इन्हें सड़क पर उतारा जा सकता है, न ही इनका बीमा कराया गया। आलम यह है कि यदि आज कोई इन वाहनों का उपयोग करना चाहे, तो कानूनी अड़चनों की वजह से यह संभव नहीं है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब एक सड़क हादसे में मरीजों को लाने वाली एम्बुलेंस के दस्तावेज जांचे गए। पता चला कि वाहनों का न तो पंजीकरण हुआ है और न ही वैध कागजात हैं। अब, बिना नंबर और इंश्योरेंस के इन एम्बुलेंस को बाहर निकालना संभव नहीं है।







### वाहन शाखा प्रभारी की बड़ी चूक

*वाहन शाखा प्रभारी का काम समय पर पंजीकरण कराना भी होता है। लेकिन उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को नजरअंदाज करते हुए पूरे विभाग को शर्मसार कर दिया। इन वाहनों के कागजात पूरे न होने के कारण अब वे सिर्फ सरकारी परिसर की शोभा बढ़ा रही हैं। जब इस लापरवाही का मामला सामने आया, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोंडागांव ने शासन प्रशासन को इसकी जानकारी दी। जांच टीम ने 6 महीने पहले अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इससे आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर कब दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।*

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवाएं ठप

इन एम्बुलेंस की खरीदी नक्सल प्रभावित दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए की गई थी। लेकिन अब यह योजना विभागीय लापवाही के चलते ठप पड़ी है। मरीजों को सुविधा देने के बजाय ये वाहन कबाड़ बनने की कगार पर हैं। वाहन शाखा प्रभारी की इस चूक के कारण न केवल मरीजों की जान जोखिम में है, बल्कि सरकार के करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद उपयोग नहीं हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एंबुलेंस सेवा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।



# नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगोली में भरे सुशासन के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सुशासन दिवस पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में हुए विविध आयोजन

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व इतिहास कला संस्कृति, सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता के साथ रंगोली में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। रंगोली में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की प्रतिकृति में रंग भरा। प्रधानपाठक मधु तिवारी द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूण होने पर समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों से बच्चों को परिचित कराया। सुशासन दिवस पर विविध आयोजन में शिक्षिका स्मिता नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



प्रतिभा और समर्पण की एक उत्कृष्ट कृति की दी गई प्रस्तुति

# मदर टेरेसा हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 27 शानदार कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

विकासखंड के अंतर्गत मदर टेरेसा हाई स्कूल बोरगांव में ओलियो ओपस थीम के साथ अपने जीवंत वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया, जहां रचनात्मकता, प्रतिभा और समर्पण के एक सुंदर संगम को दर्शाया गया। गुरुवार शाम 6:30 बजे शुरू हुए इस भव्य कार्यक्रम में 2000 से अधिक लोगों द्वारा आनंद उठाया। दर्शकों को 500 से अधिक छात्रों द्वारा 27 शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने के महत्व के बारे में बात की और अपने संदेश में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि फादर संतोष कोथरिल सीएमआई ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को बधाई दी। समारोह के अध्यक्ष, जगदलपुर के कैथोलिक सूबा के बिशप, आरटी रेव. डॉ. जोसेफ कोल्लमपरम्बिल सीएमआई ने एक प्रेरक संदेश दिया और स्कूल को अपना आशीर्वाद दिया। फादर जगदलपुर के कैथोलिक डायोसीज़ के शैक्षिक सचिव मनीष कोंगदान भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सभी को उत्साहवर्धक संदेश दिया। समारोह में विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शनों के माध्यम से समग्र शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल और कला चैंपियनों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समूह स्पर्धाओं और व्यक्तिगत चैंपियनों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिली।



### आने वाले वर्ष होगा और उत्कृष्ट

स्कूल की रिपोर्ट प्रिंसिपल, रेव. फादर सिबी कुनेल द्वारा प्रस्तुत की गई। हेड बॉय अर्जुन विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जबकि कक्षा दस की आस्था मालू ने स्वागत भाषण दिया। कोरियोग्राफरों, पीटीए और तकनीकी टीमों के अथक प्रयासों को विशेष मान्यता दी गई, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की। जिसमें आने वाले वर्षों में उत्कृष्टता जारी रखने का वादा किया गया।

# 22.2 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिले के 22 करोड़ 2 लाख 22 हजार से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें शासकीय महाविद्यालय कुआकोण्डा में भवन निर्माण कार्य, शासकीय महाविद्यालय कुआकोण्डा में छात्रावास भवन निर्माण कार्य, जिले के विभिन्न 3 स्थलों में सोलर ड्यूल पंप स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 10 स्वास्थ्य केन्द्रों में सोलर पॉवर प्लांट स्थापना कार्य, ग्राम-गुमड़ा शिव मंदिर में सोलर पॉवर प्लांट मय स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत विभिन्न 10 स्थलों में सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 51 स्थलों में सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, जिले के विभिन्न 04 पीएमश्री स्कूल में सोलर पॉवर प्लांट स्थापना कार्य। उन्होंने पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास दंतेवाड़ा चितालंका कारली पोटाकेबिन, शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार काम्प्लेक्स, गीदम फेस-2, शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार काम्प्लेक्स, गीदम, पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक कार्य बचेली वार्ड नंबर-10 बचेली वार्ड नंबर 10 भाग-2 बचेली वार्ड 10 भाग-3, बचेली वार्ड नंबर 3 भाग-1 एवं 2 (पार्क निर्माण कार्य), मूलभूत न्यूनतम सेवा के अंतर्गत विकलांग पुनर्वास केन्द्र का निर्माण कार्य भाग-1 से 2, उप स्वास्थ्य केन्द्र दुगेली, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली में जीर्णोद्वार एवं शेड टाईल्स निर्माण कार्य। उन्होंने उप स्वास्थ्य पोटाली में 6 बेड का निर्माण, सिंगल नलजल प्रदाय योजना जापोड़ी, गीदम, सिंगल नलजल प्रदाय योजना करंजेनार, दंतेवाड़ा, तथा सिंगल नलजल प्रदाय योजना बड़ेहडमामुण्डा, कुआकोण्डा कार्य है। इसके अलावा 26 टाटा मेजिक वाहन पंचायतों एवं स्व सहायता समूह को दिये गए। इसके साथ ही बारसूर महोत्सव 2025 के आयोजन के परिप्रेक्ष्य में प्रतीक चिन्ह का भी विमोचन प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, सदस्य बेषुराम मण्डावी, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं मीडियाकर्मी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षाश्री पुरस्कार से व्याख्याता सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत शाउमावि मेड़ो में पदस्थ व्याख्याता अंग्रेजी तृप्ति गजभिए को शैक्षिक क्षेत्र में उनके अविश्वसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 दिसबंर को कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर में शिक्षा श्रीपुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संस्था में सांस्कृतिक गतिविधि, रचनात्मक कार्य, कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास, वर्तमान में उपचारात्मक क्लास, समाधान क्लास, मोहल्ला मोहल्ला क्लास, गर्मियों के छुट्टी में बच्चों को आत्म निर्भर बनाने के लिए समर क्लास आयोजित किया गया। इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।



# नाबालिग से छेड़छाड़ का वीडियो वायरल, आरोपी हुआ गिरफ्तार





**कांकेर।** थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के स्कूल में नाबालिग छात्रा के साथ घटित छेड़छाड़ तथा आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की घटनाओं के संबंध में दो अलग अलग शिकायत मिलने पर थाना छोटेबेठिया में मामला दर्ज किया गया था। मामले के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले स्कूल के प्यून आरोपी 23 वर्षीय प्रकाश साहा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 10/2024 धारा 74, 75 (1) बीएनएस व धारा 8 पॉक्सो एक्ट के तहत एवं नाबालिग छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी मंगडू पद्दा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 11/2024 धारा 67(बी) आईटी एक्ट, धारा 15, 23 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना छोटेबेठिया पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारी एसपी आईके एलेसेला के निर्देशन में एएसपी पखांजुर डॉ. प्रशांत शुक्ला, एसडीओपी पखांजुर रवि कुजूर के मार्गदर्शन में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 14 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक रमन उसेंडी, सउनि कन्हैया मरकाम तथा प्रआर कोमल कोसमा की अहम भूमिका रही।

## ग्राम बरकई और नलाझर के सात से अधिक हितग्राही हुए शिकार

# आवास मित्र के साथ ठेकेदार बन पहुंचे और कर ली ठगी, नहीं बना पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- पहली किस्त लेकर ठेकेदार हो गया फरार

छतविहीन परिवारों का सपना होता है। उनके पास भी अपना खुद का आवास हो। ऐसे परिवारों को आवास मुहैया कराने सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना चला रही। जिन विभागीय अधिकारियों पर आवासों के जमीनी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी है। उनकी ही उदासीनता के कारण समय पर आवास पूर्ण नहीं होने से हितग्राही आवास से वंचित हो रहे। आवास योजना की सूची जारी होते ही ग्राम बरकई में ठेकेदार बनकर कुछ लोग आवास मित्र के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुंचे। हितग्राहियों के आवासों को पंचायत की ओर से बनाकर देने का प्रलोभन देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया। हितग्राही उनके झांसे में आए और पहली किस्त की राशि निकालकर उनको दे दिया। उसके बाद राशि लेकर ठेकेदार गायब गए हैं। ग्रामीणों की माने तो ग्राम बरकई और नालझर के 7 से 8 हितग्राहियों से इसी तरह ठगी की घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही। आवासों की राशि में ठगी के इस खेल में पंचायत के लोगों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।



### अब तक बने 2112 आवास

जनपद कार्यालय की आवास साखा से मिली जानकारी के मुताबिक आवास योजना के तहत सन 2016 से अब तक माकड़ी ब्लॉक में कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 5877, पूर्ण हुए आवासों की संख्या 2112, कुल प्रगतिरत आवासों की संख्या 3765 है।

### राशि देने की जानकारी नहीं: पवन पांडे

आवास मित्र बरकई राम पवन पांडे ने कहा कि पंचायत में आवास सूची और एफिडेविट लेकर कुछ लोग पहुंचे थे। सरपंच के कहने पर मैंने हितग्राहियों के घरों को दिखाया था। राशि देने की मुझे जानकारी नहीं।

### पता कराएंगे

मामले को आपने संज्ञान में लाया है। अधूरे आवास मामले का पता कराएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- गजेंद्र ध्रुव सीईओ,** जपं माकड़ी

### केस 1

ग्राम बरकई निवासी रनसाय मरकाम का कहना है कि पंचायत वालों ने उनके नाम से दो साल पहले आवास स्वीकृत होने की बात कही। उसके बाद पवन पांडे के बेटे के साथ दो अन्य व्यक्ति उसके घर पहुंचे। आवास को तत्काल महीने भर में बनाना है, हम बनाकर देंगे बोलकर पहली किस्त निकालने बोले। उनके साथ चॉइस सेंटर में गया और दो बार में 25 हजार रुपए निकाल कर उनको दे दिया। पैसे देने के बाद वे लोग आए ही नहीं। हमने भी मकान बनाना छोड़ दिया था। फिर इसी साल बरसात के समय मुझे घर बनाने के लिए नोटिस मिला, राशन रोके थे। उसके बाद अपना पैसा लगाकर घर बना रहा हूं, अभी तक दो किस्त निकाल चुका हूं।

### केस 2

गनेशवरी मरकाम निवासी बरकई के का दावा है उसके नाम से आवास स्वीकृत होने के बाद पिछले साल पवन पांडे दो अन्य व्यक्तियो को हमारे घर में लाया। उन्होंने आवास को ठेके में बनाकर देने के लिए मुझे पैसा निकाल कर देने बोले,पहली किस्त की राशि निकालकर उनको देने के बाद आवास बनाने आए ही नहीं। अब फसल होने के बाद ही आवास को बनाऊंगी।

## पेज 13 के शेष

### दिल्ली गणतंत्र परेड...

आगामी 26 जनवरी 2025 को दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में परेड में महाविद्यालय के स्वयंसेविका कनिष्का राजपूत हिस्सा लेगी। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर से एकमात्र छात्रा का चयन हुआ है। स्वयंसेविका कनिष्का राजपूत का चयन परेड के लिए चयन होने पर बस्तर विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल. पटेल एवं कांकेर जिला संगठक भागीरथी नायक ने खुशी जताया और कहा कि यह बस्तर संभाग के साथ-साथ कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के कॉलेज के लिए गौरव की बात है। ऐसा मौका बहुत ही कम मिलता है।

### पति की हत्या...

रखी कुल्हाड़ी से अपने पति राजकुमार के गले, बांह और सिर पर हमला बोल दिया, जिससे मेरे पति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले की विवेचना निरीक्षक छत्रपाल सिंह कंवर थाना प्रभारी ताड़ोकी द्वारा किया गया और उन्होने उनके सबूत को एकत्र कर न्यायालय में पेश किया। सबूत व साक्ष्य के आधार पर भानुप्रतापपुर के सत्र न्यायाधीश ने 13 दिसंबर को आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

# स्थानांतरण रुकवाने का दिया झांसा, 7.70 लाख ऐंठे, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार के स्टाफ नर्स को स्थानांतरण रूकवाने के नाम पर 7 लाख 70 हजार रूपएं की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आने पर कोरर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को दबोचते हुए जेल की सलाखों में भेज दिया।

कोरर थाना में शिकायत करने वाली चारामा थानांतर्गत ग्राम भुईगांव निवासी 37 वर्षीय कामिनी साहू पति मनीष कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ हूं। माह अप्रैल 2024 आरोपी मनिन्दर उर्फ सन्नी सिंग से फेसबुक के माध्यम से परिचय हुआ, जो मुझे बोला कि, तुम्हारा स्थानांतरण जिला बीजापुर हो गया है। तब मैं बोली कि, मेरा स्थानांतरण नही हुआ है, तो मनिंदर सिंग ने पुनः बोला कि मै तुम्हारा नाम स्थानांतरण लिस्ट में देखा हूं। तब मै बोली कि ठीक है बीजापुर चली जाऊंगी, तब मनिंदर सिंग ने मुझे बोला कि, तुम्हारा छोटे-छोटे बच्चे है, तुम कहा जाओगे। इस पर मैं मायूस हो गई और स्थानांतरण रूकवाने के संबंध में मनिंदर ने पैसा की मांग किया। किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से पैसा भेजना बोला और मनिंदर ने मुझे अपना मोबाईल नंबर और क्यूआर कोड (बार कोड) मेरे मोबाईल में भेजा।

मोबाईल नंबर एवं बार कोड को मेरे दामाद संजय साहू को दिया एवं बोला कि मैं पैसा भेज रहा हूं आरोपी के मोबाईल नंबर एवं क्यूआर कोड (बार कोड) में भेज देना। 9 मई को फोन पे के माध्यम से मेरे बहन दामाद संजय साहू के मोबाईल में अलग अलग तिथि में करीबन 3 लाख 50 हजार रूपएं भेजी हूं। उसके बाद मैं स्वयं के मोबाईल नंबर से मनिन्दर सिंग उर्फ सन्नी के द्वारा दिए गए मोबाईल नंबर बार कोड के माध्यम से करीबन 4 लाख 20 हजार रूपएं भेजी हूं। बाद में मुझे शंका हुआ कि मेरा स्थानांतरण नही हुआ है, मेरे साथ धोखा हो रहा है। तब मैने मनिंदर सिंग को स्थानांतरण नही रूकवाऊंगी मेरा पैसा वापिस दो बोली तो मुझे व मेरे पति एवं बच्चे को जान से मार दूंगा कहकर धमकी देता है। आरोपी ने स्थानांतरण हो गया है, स्थानांतरण को रूकवा दूंगा बोलकर 7 लाख 70 हजार रूपएं का धोखाधड़ी किया है।

## स्टाफ नर्स धोखाधड़ी की हुई शिकार



### आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

*पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 506(बी) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू किया और आरोपी मनिंदर सिंग को कोरर पुलिस के थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता व उनकी टीम ने दुर्ग जिला के रिसभ सीटी प्राईम ब्लॉक सी फ्लैट नंबर 104 दुर्ग निवासी 39 वर्षीय मनिन्दर सिंग उर्फ सन्नी सिंग पिता गुरूचरण सिंग को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया। बारिकी से पुछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी मनिन्दर को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।*

## खबर संक्षेप



### कृषि कालेज छात्र-छात्राएं क्रिकेट स्पर्धा के विजयी टीम पुरस्कृत

**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई मेमोरियल बालक एवं बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आदिवासी बालक आश्रम सिंगारभाट में किया गया था, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं और कृषि महाविद्यालय पखांजूर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बालिका वर्ग का फायनल मैच कृषि महाविद्याय कांकेर एवं कृषि महाविद्यालय पखांजुर के मध्य खेला गया, जिसमें चतुर्थ वर्ष विजयी रहा। बालक वर्ग में तृतीय और चतुर्थ वर्ष के मध्य फायनल मैच खेला गया जिसमें चतुर्थ वर्ष के छात्र मैच जीत कर ट्राफी नाम दर्ज किया। फायनल मैच 13 दिसंबर को खेला गया, जिसमें जिला पंचायत के सीईओ हरीश मंडावी मुख्य अतिथि और अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं को खेल तथा पढ़ाई के महत्व को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। फायनल मैच के दौरान कॉलेज की ओर से डॉ. जेएल सलाम, अनिल कुमार नेताम, डॉ. फूलसिंह मरकाम, डॉ. जागृति पटेल, वर्षा रानी साहू, अंशुमाला कुजूर व अन्य स्टाफ शामिल रहे। बालिका वर्ग में प्लेयर ऑफ द सीरीज रविका नेताम, बेस्ट बैटर आर्या चौहान, बेस्ट बॉलर तेजस्विनी कुंजाम और बेस्ट फील्डर बेलमती कश्यप व बालक वर्ग में प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रशांत साहू, बेस्ट बैटर प्रशांत साहू, बेस्ट बॉलर टिकेश्वर धनकर और बेस्ट फील्डर यशवंत यादव रहे।

### छायाचित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी शनिवार को जिले के हृदय स्थल बस स्टैंड में लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक और विश्वराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से संबंधित सफलता की कहानी पर आधारित एवं विभिन्न योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया।

### निधन

#### बिसरूराम नाग

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम इरगांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बिसरूराम नाग (88) का निधन हो गया है, जिनका दाह संस्कार गृह ग्राम ईरागांव में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, वे राजेन्द्र प्रसाद नाग के पिताजी थे।



**प्रदर्शनी :** आगंतुकों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा- पिछले एक साल में हुई हर क्षेत्र में प्रगति

# प्रदेश सरकार के सुशासन के एक साल पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार का एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य एवं जिले की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर आधारित छायाचित्रों का प्रदर्शन किया गया। जिला कार्यालय आने वाले आगंतुकों एवं फरियादियों ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले एक साल में चहुंमुखी उत्तरोत्तर प्रगति हुई है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को जिला कार्यालय परिसर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी एवं अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने किया। उक्त शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कांकेर जिले की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। जिले के भानुप्रतापपुर से आए विष्णु यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह किसानों को उनका वास्तविक सम्मान देने वाली सरकार है। कांकेर निवासी जयश्री सिन्हा और कंचन शोरी ने कहा कि विगत वर्षों में हुए पीएससी घोटालों की जांच कर साय सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि अब वास्तव में युवा वर्ग के साथ निष्पक्ष न्याय होगा। चारामा निवासी नंदकुमार तिवारी ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांकेर जिले को मछली उत्पादन एवं जल संरक्षण के लिए श्रेष्ठ ग्राम मासुलपानी को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह जिले के वास्तविक विकास और उपलब्धियों को दर्शाता है। इसी तरह पखांजूर से आए श्री एम.एस. पटेल ने कहा कि मौजूदा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि माओवाद के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करना है। उन्होंने कहा कि साय सरकार के गठन के बाद लगातार कार्यवाही से माओवादी निश्चित तौर पर हतोत्साहित हुए हैं। इसी तरह नरहरपुर के नारद निषाद, भानुप्रतापपुर के आर.के. कोर्राम आदि ने छायाचित्र प्रदर्शनी में दर्शाए गए विषयों को प्रासंगिक बताते हुए इसे सरकार के एक साल की उपलब्धि का आईना बताया।





# विधायक सावित्री ने झरीपारा देवगुड़ी का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम झरीपारा में नवनिर्मित देवगुड़ी भवन लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी पहुंची और सरपंच ग्राम पंचायत बरहेली ठाकुर राम दर्रो की अध्यक्षता में हुआ। ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच देखकर काफी खुश हुए और भव्य रूप से स्वागत किया। स्वागत में नर्तन दलों के द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचल में विकास के कार्य हमारे दिवंगत पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी के द्वारा गांव-गांव में विकास के कार्य कराए हैं। स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी ने देवगुड़ी गोटुल का बुनियाद रखने वाले है। बस्तर अंचल में देवगुड़ी गोटूल को संस्कृति से जोड़कर इसे उनके मांग पर दिया गया था, जो आज गांव-गांव में देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों से अव्हान करते हुए कहा अपने संस्कृति को बचाए रखने के लिए पूजा अर्चना आपस में मेलजोल एवं भाईचारे से रहकर करें और विशेष रूप से शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल बुनियादी समस्याओं को हम क्रमबद्ध करते रहेंगे। विशेष कर क्षेत्र में जो भी समस्या आएगी उसे हम समय के साथ पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे। ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया गया, जिसमें आंगनबाड़ी भवन रंगमंच गोटुल पेयजल की समस्या, स्कूल, सड़क, बाउंड्रीवॉल विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे जिसे ग्रामीणों को आश्वासन करते हुए हम बहुत जल्दी पूरा करेंगे।

ग्रामीणों के मांग पर रामायण मंडली जहरी पर को वाद्य यंत्र के लिए 20 हजार रूपएं देने की घोषणा किया। इसके अलावा नवयुवक कबड्डी टीम को स्पोर्ट्स ड्रेस देने की घोषणा किया, जिससे ग्रामीण काफी खुश हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अमिता उईके, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिह आंचला, सरपंच बसंती बालेश्वर, तोरण दुग्गा, कंगाला राम, लालू राम, नेमचंद दर्रो, श्यामलाल गावड़े, श्याम सिंह, हीरू राम, चैन सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहें।



# पदोन्नत प्रधान पाठकों को पेन डायरी देकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

सहायक शिक्षक से पदोन्नत प्रधान पाठकों का स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन संकुल केंद्र दुर्गुकोंदल में 13 दिसबंर को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने कहा कि नेतृत्व क्षमता बड़ा चुनौती है, इसे स्वीकार करते हुए कर्तव्य निष्ठा के साथ आप सभी को कार्य करना है। शिक्षकीय जीवन में अनुशासन कर्तव्य निष्ठा एवं समय प्रबंधन का बड़ा महत्व होता है, जो शिक्षक अपने शिक्षकीय जीवन में इन बातें को लेकर चलता है। वह कभी निष्फल नहीं हो सकता, उन्हें सफलता जरूर मिलती है। आयोजित समारोह विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य एस दास, प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय बीएन नरेटी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में प्रधान पाठक डॉ.धनाजू नरेटी प्रधान पाठक प्राशा पलाचुर, सुमित्रा बघेल प्रधान पाठक प्राशा दुर्गुकोंदल, लक्ष्मी खुड़शियाम प्रधान पाठक हाहालद्दी का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं डायरी पेन देकर किया गया एवं प्राथमिक शाला दौड़दे से पदोन्नति श्याम प्रसाद गावड़े प्रधान पाठक आमापारा गोड़पाल का पुष्प गुच्छ एवं डायरी पेन देकर संकुल परिवार द्वारा विदाई दिया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, मान बाई साहू, श्रीपति दत्ता, पूनम वाधवानी, प्रियंका यादव, नरेंद्र साहू, दयाल ठाकुर, सावित्री ठाकुर, मनीषा सिन्हा, केवड़ा गायकवाड, राज नरेटी, कुसुम रात्रे, पुनीता दुग्गे, रेशमा कार्के, मंजूषा मिंज, दीक्षा रात्रे, विनीता बघेल, शैलेंद्री मरकाम, उमेंद राम बघेल, सुनील नाग, हरिशंकर उयके, शोभा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने वित्तीय अनियमितता में संलिप्त को प्राधिकृत अधिकारी बनाने की शिकायत की

**पखांजुर।** उच्च अधिकारियों को अंधेरे में रखकर प्रभारी प्रबंधक मुकुंद राय के द्वारा सोमारी बाई उसेंडी को लैम्पस बड़ेकापसी का प्राधिकृत अधिकारी मनोनित कराए जाने के विरुद्ध में लिखित शिकायत ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पखांजुर के द्वारा उप पंजीयक कांकेर एवं कलेक्टर को किया गया। कांग्रेस नेता ने शिकायत करते हुए बताया कि वर्तमान में उप पंजीयक कांकेर के द्वारा करोड़ो रुपएं के हाईब्रीड बीज वितरण घोटाले मामले में संलिप्त सोमारी बाई उसेंडी पति राम सिंह उसेंडी को आजा सेवा सह समिति मर्या बड़ेकापसी का प्राधिकृत अधिकारी मनोनीत किया गया है। प्रभारी प्रबंधक पार्थ देवनाथ के द्वारा शाखा प्रबंधक नरेन्द्र कुमार शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी आत्माराम नेताम एवं लैम्पस के सभी संचालक सदस्यों के साथ मिलि भगत कर हाईबीड बीज वितरण की राशि को ब्याज अनुदान में जोड़कर केन्द्र एवं राज्य शासन से फर्जी तरीके से राशि आहरण करने के संबंध में संयुक्त पंजीयक जगदलपुर के द्वारा जांच टीम गठित कर जांच करवाया गया। जांच उपरांत जांच अधिकारीयों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में प्रभारी प्रबंधक पार्थ देवनाथ, शाखा प्रबंधक नरेन्द्र कुमार शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी आत्माराम नेताम एवं लैम्पस के सभी संचालक सदस्य के द्वारा वित्तीय अनियमितता करने के संबंध में दोषी पाए गए है। सभी दोषी अधिकारी, कर्मचारी एवं संचालक मंडल के विरुद्ध सहकारिता अधिनियम तहत उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में लंबित है।

वर्तमान प्रभारी प्रबंधक मुकुन्द राय के द्वारा यह जानते हुए कि संचालक मंडल के सभी सदस्यो के विरुध सहकारीता अधिनियम तहत उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में लंबित है, विचाराधीन संचालक मंडल के सदस्य सोमारी बाई उसेंडी को पुनः आजा सेवा सह समिति मर्या बड़ेकापसी का प्राधिकृत अधिकारी मनोनित कर उप पंजीयक कार्यालय कांकेर से अनुमोदन करवाया गया है। इस संबंध में उप पंजीयन कांकेर प्रदीप ठाकुर से बात करने पर उन्होंने बताया संभवतः कल तक हटाने की कार्यवाही हो जाएगी।

# विधायक ने वार्ड क्रमांक 11 में शिव मंदिर के पास रंगमंच बनाने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 11 में पुराना शिव मंदिर में जीर्णोद्धार रंगमंच बनाने के लिए विधायक सावित्री मंडावी ने 5 लाख की स्वीकृति दी थी, जिसका भूमिपूजन विधायक के मुख्य आतिथ्यि में हुआ।

विधायक ने कहा पूर्व विधायक स्व. मनोज मंडावी की घोषणा थी, उनकी घोषणा को पूरा करने का प्रयास कर रही हूँ। उपस्थित लोगों से आने वाले चुनाव नगर पंचायत में सक्रिय को चुने। वर्तमान पार्षद जया विजय धामेचा सक्रिय है। विकास कार्यो के लिए हमेशा आगे रहे है। सुभाषपारा के ही वार्ड क्रमांक 10 में भी 5 लाख का सामुदायिक भवन की घोषणा किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा स्व. मनोज मंडावी के विधायक कार्यकाल में धार्मिक कार्यो, सामाजिक क्षेत्र में काफी सक्रिय रहे। उनके द्वारा किये गए घोषणा को पूरा करने का काम उनकी धर्मपत्नी वर्तमान विधायक सावित्री मंडावी कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि स्व. मनोज मंडावी की घोषणा को वर्तमान विधायक सावित्री मंडावी इसे पूरा कर शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। आपके पार्षद बहुत सक्रिय है। वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते है। नगर में 19 नवम्बर से प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर है, जिससे पानी सप्लाई, बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रहा है। इसमी पार्षद खुद ध्यान दे रहे है। वार्ड में हैंडपंप की मांग किया है, इसे तत्काल बोर खनन कराया जाएगा।


इस मौके वार्ड 11 के पार्षद जया धामेचा, वार्ड 13 के पार्षद पंकज वाधवानी, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष किरण डोंगरे, नमन जैन, गोपाल राठी, मुकेश्वरी नरेटी, रितेश नाग, वेद देवांगन, गोपाल शील, मोहन मंडावी, विजय धामेचा, प्रिया मंडावी, हरिपद शाह, आरएन विश्वास सहित वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

## मुड़पार में देव मेला शुरू, डांग-डोली का आगमन

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत मुड़पार का देव मेला की शुरूआत हो गई है। मेला में आसपास के गांव के देवी देवता व डांग डोली पहुंचे। मेला के दौरान देव खेलते हुए नजर आए जो आर्कषण का केंद्र रहा।



लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732



राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)